महत्वपूर्ण एवं खास

शासन ने ननकीराम को दिया 8 सशस्त्र जवानों का सुरक्षा घेरा

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री व रामपुर विधायक ननकीराम कंवर को शासन ने 8 सशस्त्र जवानों का सुरक्षा घेरा दिया है। लगातार राजनीतिक सुर्खियों में बने रहने वाले

स्वयं का पेंशन स्वीकृत कराने 6 माह से भटक रहा सेवानिवृत्ति कर्मी

रायपुर (आरएनएस)। सेवानिवृत्ति के 6 माह गुजर जाने के बाद भी एक सेवानिवृत्त कर्मी अपने पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने के लिए मजबूर है। आलम यह है कि अधिकारी भी इस मसले पर चुप्पी साधे बैठे हैं। पीड़ित अपने ग्रेच्युटी और पेंशन के लिए अब भटकने के लिए मजबूर हो गया है।

रविवि की परीक्षाएं शुरू

रायपुर (आरएनएस)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ हो गई है। परीक्षा में नकल रोकने रविवि द्वारा बनाए नियम व निर्देशानुसार सभी परीक्षा केंद्रों में कड़ा बंदोबश्त रहा।

शहर के विभिन्न व्यापारी प्रतिष्ठानों में आईटी का छापा, मचा हड़कंप

राजनांदगांव (आरएनएस)। राजनांदगांव में इनकम टैक्स की टीम ने बुधवार को बड़ा छापा मारा है। जिससे शहरभर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के नामी सेनेटरी और हार्डवेयर का काम करने वाले अरिहतं एजेंसी के यहां छापा पड़ा है। सुबह से इनकम टैक्स की टीम ने दुकान और घर को सील कर दिया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 : छग को बेस्ट परफॉर्मिंग अवार्ड

रायपुर (आरएनएस)। स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 के लिए देश के सबसे सवच्छ शहरों के नाम का ऐलान आज बुधवार को राष्ट्रपति भवन में हुआ। इस सर्वे में इंदौर लगातार हैट्रिक के साथ तीसरी बार नंबर वन की पोजिशन पर बना रहा। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य को बेस्ट परफॉमिंग अवार्ड से नवाजा गया है।

किशोरी के लापता हो जाने की रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बालिका की घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट गुढ़यारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सुकवारी बाजार गुढ़ियारी निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सुकवारी बाजार स्थित घर से किसी ने बेटी 11 वर्ष को बहला -फुसलाकर अपने साथ ले गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया है।

आफिस में रखे 2 नग कम्प्यूटर सेट चोरी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। आलोक फेरोलाईज कंपनी में रखे 2 नग कम्प्यूटर सेट की चोरी किये जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार भनपुरी खमतराई निवासी सोहन लाल 53 वर्ष पिता स्व.दूजराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 4 मार्च को आलोक फेरोलाईज कंपनी के अंदर प्रवेश कर आफिस में रखी 2 नग कम्प्यूटर सेट किसी ने चोरी कर लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 457,380 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

एटीएम ब्लॉक होने का झांसा देकर पूछा ओटीपी नंबर , महिला के खाते से लाखो पार

रायपुर (आरएनएस)। एटीएम ब्लॉक होने का झांसा देकर ओटीपी नंबर पूछकर खाते से एक लाख से अधिक रुपये निकाल लेने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामेश्वर नगर खमतराई निवासी शिवशंकर दत्ता 43 वर्ष पिता श्यामाचरण दत्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मोबाईल फोन क्रमांक 8521274493 व 7319765686 का धारक ने कॉल करके एटीएम कार्ड ब्लाक होने की बात कहकर ओटीपी नंबर पूछकर बैंक खाता से 1लाख 20 हजार 200 सौ रुपये निकाल लिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पाली महोत्सव आयोजन के लिए मिलेगी धन राशि - बघेल

पाली में एसडीएम व एसडीओपी कार्यालय शुरू करने की मांग का परीक्षण किया जाएगा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पाली महोत्सव के आयोजन के लिए धन राशि की कोई कमी नहीं होगी। संस्कृति विभाग द्वारा इस आयोजन के लिए धन राशि की व्यवस्था की जाएगी। वे आज कोरबा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय पाली में आयोजित पाली महोत्सव के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां 45 करोड़ 35 लाख रूपये के 36 कार्यों का लोकार्पण किया तथा दो करोड़ 25 लाख रूपये के 6 कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि एवं पाली महोत्सव के लिए नागरिकों को बधाई और

शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोगों की मांग का परीक्षण कराने की बात कही, जिससे पाली में एसडीएम कार्यालय व एसडीओपी कार्यालय शुरू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों के विकास में तेजी लाने तथा स्थानीय स्तर पर उनकी समस्याएं निपटाने के लिए बस्तर और सरगुजा विकास प्राधिकरण के बाद मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण बनाया है। आदिवासी नेतृत्व को बढ़ाने के लिए मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक को तथा दो अन्य विधायकों को उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर को मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों के 10 हजार करोड़ रूपये के कृषि ऋण माफ कर उन्हें राहत पहुंचाई। दूसरा प्रमुख कार्य धान का मूल्य बढ़ाकर 2500 रूपये प्रति क्विंटल करने का था जिससे छत्तीसगढ़ के किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिला और उनकी माली हालत सुधरी। वनवासियों की आर्थिक स्थित में सुधार के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण की दर ढाई हजार रूपये से बढ़ाकर चार हजार रूपये प्रति मानक बोरा की गई है। पहले केवल सात लघु वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदी जाती थी, परंतु अब बेल का गूदा, नागरमोथा सहित 15 वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदकर वनों में रहने वाले आदिवासी भाईयों की आय बढ़ाने का प्रयास किया गया है।

कलेक्टर ने किया महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

बीजापुर (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की कलेक्टर के डी कुंजाम ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का बेहतर और प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया, वही महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने की सलाह भी दिया।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले के कुपोषण को कम करने के लिए महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग को बेहतर ताल मेल के साथ काम करने की बात कही। वही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डी राहुल ने सभी पर्यवेक्षको को निर्देश देते हुए कहा कि माह दिसम्बर से अपने अपने सेक्टर के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चो के साथ प्रतिदिन का फोटो ग्राफी कर भेजने का निर्देश दिया। भेजे गए इन सभी फोटो का रेंदमली चेक भ्रमण के दौरान किया जायेगा, वही केंद्रों में दर्ज बच्चो की उपस्थिति और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति का मिलान किया जायेगा।

आंगनबाड़ी केंद्रों में उपस्थित सभी बच्चो का टीकाकरण अनिवार्य है, साथ ही टीकाकरण से छूटे बच्चो की लिस्ट प्रतिमाह उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

अनोखा गांव जहां हर परिवार का एक सदस्य हत्या की सजा काट रहा

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले में मुख्यालय से 30 किमी दूर एक अदभुत गांव है, जहां 39 लागों पर हत्या का

प्रकरण दर्ज है और ये सभी जेल में सजा काट रहे हैं। इस गांव के बारे में यह भी दिलचस्प तथ्य है कि गांव के करीब-करीब हर परिवार का कोई न कोई सदस्य हत्या के आरोप में पिछले चार साल से सेंट्रल जेल में सजा काट रहा है। टोनही प्रताड़ना के शक में हुई हत्या के आरोप में पुलिस ने माहका गांव के 39 लोगों पर अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा है। इनमें एक नाबालिग युवक भी शामिल है, जो बाल सुधार गृह में सजा काट रहा है।

स्थानीय परीक्षाओं के लिए समय-सारणी जारी

रायपुर (आरएनएस)। स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानीय स्तर पर होने वाली स्कूल की वार्षिक परीक्षा को लेकर कार्यक्रम तय कर लिया है। सभी परीक्षा अर्पेल में प्रारंभ होगी ओर सुबह की पाली में संचालित होगी।

स्कूल शिक्षा विभाग से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार कक्षा पहली से लेकर चौथी तक की परीक्षा सुबह 8 से 10 बजे के मध्य होगी। पहली से चौथी के बीच परीक्षाओं के बीच काफी दिनों का अंतर दिया गया है। 02 अप्रैल के बाद 4 अप्रैल और फिर 8 अप्रैल को इसके बाद सीधे 9 अप्रैल को परीक्षा आयोजित होगी। इसी तरह 6वीं और 7वीं की परीक्षा 30 मार्च से प्रारंभ होगी और 11 अप्रैल तक चलेगी। 6वीं कक्षा की परीक्षा की शुरूआत गणित के पेपर से होगी जबकि 7वीं की परीक्षा का समापन गणित विषय के पेपर से होगा। इन दोनों कक्षाओं की परीक्षा भी सुबह की पाली में 8 बजे से 10.30 बजे के मध्य ली जाएगी।

यह है टाइम टेबल

02 अप्रैल से 09 अप्रैल के मध्य कक्षा 2 से कक्षा 4 तक के लिए आयोजित परीक्षा कार्यक्रम इस प्रकार से 2 अप्रैल को पहली कक्षा का पेपर हिन्दी, कक्षा दूसरी-गणित, तीसरी-पर्यावरण, चौथी-अंग्रेजी, 4 अप्रेल को पहली कक्षा का पेपर अंग्रेजी, कक्षा दूसरी-हिन्दी, तीसरी-गणित, चौथी-पर्यावरण, 8 अप्रैल पहली कक्षा का पेपर गणित, कक्षा दूसरी-अंग्रेजी, तीसरी-हिन्दी चौथी-गणित, 9 अप्रैल कक्षा तीसरी-अंग्रेजी, चौथी-हिन्दी।

विद्यार्थी उत्कर्ष योजना : परीक्षा 10 को

रायपुर (आरएनएस)। जवाहर आदिम जाति और अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2019-20 के तहत कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए आगामी 10 मार्च को चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा शासकीय हिन्दु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरन बाजार रायपुर में आयोजित होगी।

परीक्षा के संबंध में अपर कलेक्टर श्री आशुतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आज यहां जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में तैयारी की समीक्षा की गई।

लंबित मजदूरी का भुगतान शीघ्र करें : सांसद

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमेश बैस ने दिशा समिति की बैठक में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यों के लिए निर्धारित एजेंडा के अनुसार गंभीरतापूर्वक कार्य करें। सरकार की योजनाएं आमजनों के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को उपर उठाने के लिए है। राष्ट्रीय परिवार सहायता के साथ-साथ उम्रदराज बुजुर्ग को वृद्धा पेंशन राशि का यथासंभव भुगतान तत्काल करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि विलंब होने से बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस कार्य में सभी अधिकारियो-कर्मचारियों का विशेष दायित्व है कि वृद्धजनों और पीड़ित लोगों को भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। आगामी गर्मी के दिनों को ध्यान में ह्यरखकर सूखा ग्रस्त क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था करें तथा पानी को संरक्षित करने के कारगर कदम उठाएं जाएं। जिले की अधूरी योजनाओं को इस माह के अंत तक पूरा करने के निर्देश उन्होंने दिए। सांसद बैस ने उपरोक्त निर्देश यहां जिला कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी (दिशा) समिति की बैठक में दिए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह सहित दिशा समिति के अन्य सदस्यगण और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कर्ज से परेशान दंपत्ति ने लगाई फांसी, फंदा ढिला पड़ने से बेटा बचा

रायपुर (आरएनएस)। कर्ज से परेशान दंमत्ति ने बेटे के साथ फांसी लगाकर फंदे पर झूल गये, फंदा ढिला होने के चलते बेटा बच गया। घटना की सूचना पाकर उरला थाना पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीरगांव स्थित एक मकान में मंगलवार की देर रात्रि कर्ज से परेशान होकर मोहन साहू 45 वर्ष व पत्नी राधाबाई साहू 35 वर्ष बेटा 18 वर्ष के साथ फांसी लगाकर झूल गया। बेटे की फांसी का फंदा ढिला पड़ जाने से पैर जमीन आ गया जिसके चलते वह बच गया। बताया जा रहा है कि मोहन साहू ने लोन लेकर मुरकू बनाने का मशीन खरीदा था व घर चलाने व लोन भरने के लिये पड़ोसियों से कर्ज लिया था, मुरकू बनाकर व दुकानों में बेचने का काम करता था लेकिन कर्ज अधिक हो जाने के कारण वह चुका पाने में असमर्थ हो जाने पर आत्महत्या जैसे कदम उठा लिया व फांसी पर झूल गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

प्रेमिका की सगाई की बात सुनकर युवक ने लगाई फांसी

रायपुर (आरएनएस)। प्रेमिका की सगाई की बात सूनकर फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की रिपोर्ट पर पण्डरी थाने में मर्ग कायम किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी नीलकंठ बघेल 22 वर्ष दलदल सिवनी में किराये के मकान में रहकर रोजी मजदूरी का काम कर रहा था, मंगलवार की देर रात उसने मकान के छत के उपर लायलोन की रस्सी में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। घटना की सूचना पण्डरी थाने में घटना की सूचना पाकर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पड़ोसियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि युवक किसी युवती से प्रेम करता था उसकी सगाई कही और हो जाने पर उदास होकर आत्महत्या जैसे कदम उठा लिया।

अब राकेश शर्मा की बायॉपिक के लिए आया रणबीर कपूर का नाम!

अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा के जीवन पर बन रही बायॉपिक अपने अनाउंसमेंट के बाद से लगातार सुर्खियों में है। फिल्म के प्रड्यूसर है रॉनी स्क्रूवाला। सबसे पहले फिल्म में लीड रोल के लिए आमिर खान का नाम आया था।

हालांकि बाद में आमिर ने बताया कि उनकी जगह शाहरुख इस फिल्म को करेंगे। हालांकि इसके बाद खबर आ गई कि शाहरुख डॉन सीरीज की तीसरी इंस्टॉलमेंट में काम शुरू करने वाले हैं और उन्होंने यह प्रॉजेक्ट छोड़ दिया है।

फिल्म के लीड को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पा रही थी इसी बीच विकी कौशल और कार्तिक आर्यन का नाम भी खबरों में आया। अब लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो रणबीर कपूर का नाम फिल्म के लीड के तौर पर सामने आ रहा है और मेकर्स उनको लेकर फाइनल अनाउंसमेंट करने वाले हैं। हालांकि अभी तक मेकर्स या शाहरुख की तरफ से उनके फिल्म छोड़ने को लेकर कोई ऑफिशल कॉमेंट नहीं आया है।

सास बहू ने ट्रेन के सामने कूद कर दिया जान

जौनपुर (आरएनएस)। जफराबाद-फैजाबाद रेल खंड के मिहरावां रेलवे स्टेशन क्रासिंग के पास मंगलवार को दोपहर में छपरा बम्बई एक्सप्रेस गोदान के सामने कूदकर सास बहू ने

अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। बताते हैं कि जर्रो गांव निवासी स्व. रामपाल सिंह की पत्नी श्रीमती शांती देवी व उनकी बहू बेबी सिंह दोनों मंगलवार को सुबह घर से गांव के बाहर पाही पर जाने की बात कह कर घर से निकली और सास बहू दोनों मिहरावां रेलवे स्टेशन के क्रासिंग पर पहुंचकर दोनों क्रासिंग की तरफ गयी तभी शाहगंज की तरफ से गोदान एक्सप्रेस ट्रेन आती देख दोनों ट्रेन के सामने कूद कर रेलवे लाइन के बीचो बीच आ गयी।

दो साल बाद टीवी पर लौट रही हैं रूपल त्यागी

पॉप्युलर शो सपने सुहाने लड़कपन के' में गुंजना का चर्चित किरदार निभाकर घर- घर में अपनी पहचना बनाने वाली टीवी ऐक्ट्रेस रूपल त्यागी काफी समय से छोटे परदे से गायब थीं। आखिरी बार अपने एक्स बॉयफ्रेंड अंकित गेरा के साथ बिग बॉस' के 9वें सीजन में नजर आईं रूपल दो साल बाद टीवी पर वापसी करने की तैयारी में हैं। रूपल जल्द ही शक्ति-अस्तित्वा के अहसास की' शो में एक रिपोर्टर की भूमिका निभाते दिखाई देंगी।

काफी दिनों तक गायब रहने के बारे में बात करते हुए, रूपल ने बताया, मैंने बिज़ी शूटिंग शेड्यूल्स के कारण अपने हेल्थ पर ध्यान नहीं दिया और आखिरकार मेरे शरीर ने जवाब दे दिया। मेरा वजन बढ़ने लगा और मैं डिप्रेश हो गई थी। इसकी मुझे तब तक जानकारी नहीं हुई, जब तक मैं जांच नहीं करवाई।

जानें दूध गर्म पीना चाहिए या ठंडा, क्या है बेहतर

आपको दूध पीना पसंद हो चाहे न हो लेकिन इस बात को हर कोई मानता है कि दूध सबसे हेल्दी और पोषक तत्वों से भरपूर फूड आइटम है। कैल्शियम, प्रोटीन, आयोडीन, पोटैशियम, फॉस्फॉरस और विटमिन बी 12 जैसे पोषक तत्वों से भरपूर 1 गिलास दूध आपके दिन भर के पोषक जरूरतों को पूरा कर सकता है। लिहाजा फिट और हेल्दी रहने के लिए हर व्यक्ति को रोजाना कम से कम 1 गिलास दूध जरूर पीना चाहिए।

अब सवाल यह उठता है कि दूध कैसे पीना चाहिए- गर्म या ठंडा। कुछ लोगों को गर्म दूध पसंद आता है। उसमें हल्दी पाउडर या फिर दालचीनी पाउडर या घी और शहद मिलाकर पीना अच्छा लगता है तो वहीं कुछ लोग ठंडा दूध पीना पसंद करते हैं। लेकिन आखिर दूध में मौजूद सभी तरह के पोषक तत्व आपको अच्छी तरह से मिल पाएं इसके लिए गर्म दूध पीना चाहिए या ठंडा- यह हम आपको बता रहे हैं। बहुत से लोग ठंडा दूध पीना इसलिए भी पसंद करते हैं क्योंकि यह प्रोसेसिंग के दौरान लो-लेवल से गुजरता है और इसेंशियल माइक्रो-न्यूट्रिएन्ट्स और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है जो आपको पूरे दिन एनर्जी से भरपूर और फुल चार्ज रखता है। हालांकि ठंडे दूध का सेवन सिर्फ सुबह के वक्त करना चाहिए। रात में ठंडा दूध पीने से यह आपके पाचन तंत्र को गड़बड़ कर सकता है जिससे आपको नींद आने में दिक्कत हो सकती है। हालांकि ठंडा दूध ऐसिडिटी के लिए बेस्ट माना जाता है क्योंकि ऐसिडिटी की वजह से पेट में हो रही जलन और डिहाइड्रेशन को ठंडा दूध ठीक कर देता है।

कर्जमाफी और 25 सौ रू में प्रति क्विंटल धान खरीदी से अन्नदाता हुए खुशहाल : सहकारिता मंत्री

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के सहकारिता एवं स्कूल मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और श्रम व नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज यहां विकासखण्ड मुख्यालय आरंग में आयोजित किसान सम्मेलन में क्षेत्र के किसानों को कर्ज मॉफी का प्रमाण पत्र वितरण किया। राज्य सरकार द्वारा आरंग, मोखला, भिलाई, देवरी, भानसोज, गौरभाट और रीवा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के 64 गांवो के करीब 9 हजार किसानों को 35 करोड़ रूपए से अधिक का ऋण माफी किया गया है जिनके प्रमाण पत्र किसानों को प्रदान किया गया। मंत्रीद्वय ने कार्यक्रम में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में श्रमिकों को 85 लाख 80 हजार रूपए अनुदान राशि के चेक और 500 श्रमिक महिलाओं को सायकल वितरित की।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए सहकारिता एवं स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार बनते ही 10 दिनों के भीतर प्रदेश के किसानों के कर्ज माफी को जो वादा किया था उसे भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही दो घण्टें के भीतर कैबिनेट की बैठक कर इस वादा को पूरा कर दिया है। छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य है जहां किसानों से 2500 रूपए क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार ने किसानों द्वारा न केवल सहकारी समितियों से लिए गए अल्प कालीन कृषि ऋण को माफ किया है बल्कि राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिए गए अल्प कालीन कृषि ऋण को भी माफकरने का आदेश जारी कर दिया है। टेकाम ने कहा कि कर्ज माफी और 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी करने से प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और इससे खेती में नवीन तकनीकों के उपयोग कर उत्पादन बढ़ाने के प्रति भी किसान प्रोत्साहित होंगे। राज्य सरकार द्वार नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी के संवर्धन और संरक्षण के प्रांरभ किए गए कार्यो से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।